## संपादकीय

### छत्तीसगढ़ में जल्द नज़र आएगा एक भूला - बिसरा जमींदोज़ शहर!

बहुत जल्द छत्तीसगढ़ में दो हज़ार साल से भी ज़्यादा पुराने एक ऐसे भारतीय शहर का पता चल जाएगा, जो अभी धरती माता के गर्भ से धीरे -धीरे बाहर आ रहा है। छत्तीसगढ़ भारत के प्राचीन इतिहास में दक्षिण कोसल के नाम से प्रसिद्ध है। यह भूला-बिसरा शहर राज्य के रायपुर जिले अंतर्गत ग्राम रींवा (तहसील-आरंग) में ज़मीन के नीचे दबा हुआ था ,जो निकट भविष्य में हमें नज़र आएगा। राज्य सरकार ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से अनुमति लेकर यहाँ उत्खनन शुरू करवाया है। इस गाँव 40 ऐसे टीले हैं जो पुरातत्व की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। राज्य सरकार के पुरातत्व सलाहकार डॉ .अरुण कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में लगभग दो माह पहले उत्खनन शुरू हुआ है। फिलहाल बारिश के मौसम में उत्खनन बंद है। अधिकारियों का कहना है कि मानसून की विदाई होते ही उत्खनन फिर शुरू कर दिया जाएगा।

उत्खनन कार्य में मार्गदर्शक की भूमिका निभाए भारत सरकार द्वारा वर्ष 2017 में पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित 86 साल के डॉ .शर्मा देश के जाने-माने पुरातत्व विद हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ सहित देश के लगभग 20 राज्यों में पुरातात्विक उत्खनन का 45 वर्षो का लम्बा तजुर्बा है। वह भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग में वरिष्ठ अधिकारी रह चुके हैं। हाल के वर्षों में उन्होंने छत्तीसगढ़ के दो प्राचीन शहर सिरपुर और राजिम में भी उत्खनन कार्यो का नेतृत्व किया है। भारतीय पुरातत्व पर अंग्रेजी में उनकी 52 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। वयोवृद्ध डॉ शर्मा इस उम्र में भी पूरे जोश और जज़्बे के साथ रींवा गाँव में दक्षिण कोशल के भूमिगत इतिहास को खोदने और खँगालने में लगे हुए हैं । वह छत्तीसगढ़ के ही धरतीपुत्र हैं ।शायद यह भी 86 साल की उम्र में उनके युवा जोश और जज़्बे का एक प्रमुख कारण है। वह रोज सुबह 8 बजे साइट पर पहुँच जाते हैं और अपने विभागीय सहयोगियों और स्थानीय मजदूरों के साथ शाम 5 बजे तक उत्खनन गतिविधियों में लगे रहते हैं। इस आलेख के लेखक स्वराज करुण से चर्चा करते हुए डॉ. शर्मा ने कहा-रींवा गाँव में 40 ऐसे टीले हैं ,जिनमें भारत और दक्षिण कोशल के वैभवशाली इतिहास के अनेक मूल्यवान तथ्य दबे हुए हैं। इन सबके उत्खनन में कम से कम 5 साल का वक्त लग सकता है। फ़िलहाल हम लोगों ने 20 टीलों के उत्खनन का लक्ष्य रखा है। पुरातात्विक उत्खनन बहुत सावधानी से और वैज्ञानिक पद्धति से करना होता है। इन 20 टीलों में से वर्तमान में दो टीलों पर उत्खनन चल रहा है। इनमें से एक टीला मुम्बई -कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग 53 के किनारे स्थित है। उन्होंने आलेख के लेखक स्वराज करुण को बताया कि यह किसी बौद्ध स्तूप के आकार का है । इसकी 9 परतों में से 7 का उत्खनन हो चुका है । इसमें किसी महात्मा की अस्थियाँ हो सकती हैं। इसे मौर्यकालीन बौद्ध स्तूप माना जा रहा है ,जो मिट्टी का बना हुआ है। डॉ. अरुण कुमार शर्मा बताते हैं कि यह छत्तीसगढ़ में अब तक के उत्खनन में प्राप्त मिट्टी का पहला बौद्ध स्तूप है। इसके पहले सिरपुर में पत्थरों से और भोंगपाल (बस्तर )में ईंटों से निर्मित स्तूप मिल चुके हैं ।रींवा में दूसरा उत्खनन एक विशाल तालाब के पास हो रहा है ,जहाँ आसपास आम और पीपल आदि के कई बड़े -बड़े वृक्ष और बबूल की कँटीली झाड़ियाँ भी हैं । छिन्द के भी कुछ पेड़ वहाँ पर हैं। अब तक के उत्खनन में इस टीले से कुछ स्वर्ण , कुछ रजत और कुछ ताम्र मुद्राएं भी मिली हैं । इनके अलावा मिट्टी के दीये और बर्तन तथा हाथी दांत से बनी सजावटी वस्तुओं के अवशेष भी प्राप्त हुए हैं । स्वर्ण मुद्राओं में से एक पर ब्राम्ही लिपि में च्च्कु' शब्द अंकित है । डॉ .शर्मा इसे कुमारगुप्त के समय का मानते हैं । सजावटी मालाओं में गूँथने के लिए उपयोग में लायी जाने वाली छोटी -छोटी मणि कर्णिकाओ का ज़खीरा भी मिला है । डॉ. शर्मा के अनुसार ये तमाम अवशेष ईसा पूर्व दूसरी शताब्दी के याने लगभग 2200 वर्ष पुराने हैं । वह कहते हैं -सुदूर अतीत में रींवा कोई गाँव नहीं ,बल्कि एक बड़ा शहर और प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था ।महानदी इसके नज़दीक से बहती थी । तत्कालीन समय में पेड़ों की अत्यधिक कटाई होने के कारण नदी के किनारों पर भी कटाव हुआ । इस वज़ह से महानदी यहाँ से 8 किलोमीटर दूर खिसक गयी । रींवा से 50 किलोमीटर पर छठवीं -आठवीं सदी में शैव ,वैष्णव और बौद्ध मतों के त्रिवेणी संगम के नाम से प्रसिद्ध सिरपुर भी महानदी के किनारे स्थित है । छत्तीसगढ़ के प्रयाग राज के नाम से मशहूर राजिम महानदी ,पैरी और सोंढूर नदियों के संगम पर है। पुरातत्व वेत्ता डॉ .अरुण कुमार शर्मा ने आलेख के लेखक स्वराज करुण से बातचीत करते हुए बताया कि प्राचीन काल में राजिम और सिरपुर से ओड़िशा के समुद्र तटवर्ती शहर कटक तक जल मार्ग से व्यापार होता था ।

# ऑटो के बाद अब कताई उद्योग पर भी मंदी की मार

**नईदिल्ली।** मंदी की मार देश के कताई उद्योग तक पहुंच गई है। कताई उद्योग मंदी के अब तक के सबसे बड़े संकट से गुजर रहा है। देश की तकरीबन एक-तिहाई कताई उत्पादन क्षमता बंद हो चुकी है और जो मिलें चल रही हैं, उन्हें भी भारी घाटा उठाना पड़ रहा हैं। यदि यह संकट दूर नहीं हुआ तो हजारों लोगों को नौकरियों से हाथ धोना पड़ सकता हैं।



नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल मिल्स एसोसिएशन के मुताबिक राज्य और केंद्रीय जीएसटी और अन्य करों के कारण भारतीय कॉटन और ब्लेंड्स स्पाइनिंग इंडस्ट्री के संकट से गुजरने का वह दौर है जैसा कि 2010-11 में नज़र आया था। यार्न वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लायक नहीं रह गया है। अप्रैल से जून की तिमाही में कॉटन यार्न के निर्यात में साल-दर-साल 34.6 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जून में तो इसमें 50 प्रतिशत तक की कमी आ चुकी है।

अब कताई मिलें इस हालात में नहीं हैं कि भारतीय कपास खरीद सकें। यही हालत रही है तो अगले सीजन में बाजार में आने वाले करीब 80,000 करोड़ रुपये के 4 करोड़ गांठ कपास का कोई खरीदार नहीं मिलेगा।

# डेबिट कार्ड को खत्म करने की तैयारी में एसबीआई

**मुंबई।** देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की योजना अगर सफल होती है तो जल्द ही हर जगह दिखने वाले प्लास्टिक के डेबिट कार्ड अतीत की बात होंगे. देश का सबसे बड़ा बैंक इसकी जगह पर अधिक डिजिटल भुगतान प्रणाली लाने की दिशा में काम कर रहा है.




स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन रजनीश कुमार ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हमारी डेबिट कार्ड को प्रचलन से बाहर करने की योजना है. हम इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि हमें उन्हें समाप्त कर सकते हैं. उन्होंने कहा कि देश में 90 करोड़ डेबिट कार्ड और 3 करोड़ क्रेडिट कार्ड हैं. कुमार ने कहा कि डिजिटल समाधान पेश करने वाले उसके योनो प्लेटफॉर्म की डेबिट कार्ड मुक्त देश बनाने में अहम भूमिका होगी.

कुमार ने कहा कि योनो प्लेटफॉर्म के जरिए एटीएम मशीनों से नकदी की निकासी या दुकानों से सामान की खरीदी की जा सकती है. उन्होंने कहा कि बैंक पहले ही 68,000 योनो कैशप्वाइंट की स्थापना कर चुका है और अगले 18 माह में इसे 10 लाख करने की योजना है.

## नेमार को लोन पर लाने का प्रयास करेगी बार्सिलोना

**बार्सिलोना।** स्पेनिश क्लब एफसी बार्सिलोना, ब्राजील के स्टार फारवर्ड खिलाड़ी नेमार को लोन पर अपनी टीम में शामिल करने का प्रयास करेगी। नेमार दो साल पहले फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) में शामिल हुए थे। उन्होंने पीएसजी के साथ पांच साल का करार किया था।

समाचार एजेंसी एफे के अनुसार, ऐसा माना जा रहा है कि बार्सिलोना अपने ऑफर में एक सीजन के बाद नेमार को खरीदने का प्रस्ताव भी रखेगी। इसका मतलब स्पेनिश चैम्पियन किसी अन्य खिलाड़ी को पीएसजी नहीं भेजेगा। बार्सिलोना ने ब्राजील के ही फिलिप कोटिन्हो को इस सीजन के लिए लोन पर जर्मन क्लब बायर्न म्यूनिख में भेजा जिसके कारण स्पेनिश क्लब ने नेमार को वापस टीम में लाने की कोशिश तेज कर दी है।

क्लब के बोर्ड को उम्मीद है कि वह इस डील को पूरा करने में सफल हो पाएंगे।

## टी-20 सीरीज के लिए विलियम्सन, बाउल्ट को आराम

**कोलंबो।** श्रीलंका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के मौजूदा कप्तान केन विलियम्स और तेज गेंदबाज ट्रेंट बाउल्ट को आराम दिया गया है। विलियम्सन की गैर-मौजूदगी में अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी मेहमान टीम की कप्तानी करेंगे।

क्रिकइंफो के अनुसार, न्यूजीलैंड और श्रीलंका की टीमें फिलहाल, दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है। पहले मैच में मेजबान टीम ने छह विकेट से दमदार जीत दर्ज की थी जबकि



दूसरा मैच 22 अगस्त से शुरू होगा। मेहमान टीम ने दोबारा फिट हो चुके विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सेफर्ट को भी आगामी सीरीज के लिए मौका दिया है।

न्यूजीलैंड के चयनकर्ता गेविल लार्सन ने कहा, केन और ट्रेंट ने हाल ही में हुए विश्व कप में बहुत बड़ा रोल निभाया था और आगे हमें कई महत्वपूर्ण सीरीज खेलनी है जिसके कारण हमें उन्हें आराम देना चाहते हैं। स्पिन गेंदबाज मिशेल सेंटनर, टॉड एस्टल और इश सोढ़ी को भी मेहमान टीम में जगह दी गई है। सीरीज का पहला टी-20 मैच एक सितंबर को खेला जाएगा।

## हॉकी : भारत ने जापान को 6-3 से करारी शिकस्त दी



**टोक्यो।** भारतीय हॉकी टीम ने यहां जारी ओलम्पिक टेस्ट इवेंट में अपनी दूसरी जीत दर्ज करते हुए मंगलवार को जापान को 6-3 से शिकस्त दी। भारत ने प्रतियोगिता के पहले मैच में मलेशिया के खिलाफ 6-0 से शानदार जीत दर्ज की थी, लेकिन दूसरे मैच में उसे न्यूजीलैंड के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। एक करीबी मुकाबले में न्यूजीलैंड ने भारत को 2-1 से हराया था।

मेजबान जापान के खिलाफ भारत ने शुरुआत से ही दमदार प्रदर्शन किया। तीसरे मिनट ही युवा खिलाड़ी नीलकांता शर्मा ने गोल करते हुए मेहमान टीम को बढ़त दिला दी।

इसके चार मिनट बाद, नीलम शेस ने मूव पर गोल करते हुए भारत की बढ़त को दोगुना कर दिया। जापान की टीम इस शुरुआती अटैक को रोकने में कामयाब नहीं हो पाई और नौवें मिनट में मनदीप सिंह ने गोल करते हुए स्कोर 3-0 कर दिया।

दूसरे चार्टर में केनतारो फुकूदा (25वें मिनट) ने जापान के लिए गोल किया, लेकिन 29वें और 30वें मिनट में मनदीप ने गोल करते हुए अपनी हैट्रिक पूरी की और मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया।

जापान ने अगले चार्टर में वापसी करने के प्रयास किए, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। हालांकि, मेजबान टीम ने दो गोल जरूर किए।

मैच के 36वें मिनट में जापान के लिए केन्ता तनाका और 52वें मिनट में काजूमा मुराता ने गोल दागे। भारत के लिए मुकाबले का छठा गोल 41वें मिनट में गुरसाहिबजीतसिंह ने दागा।

## अभ्यास मैच : विहारी, रहाणे का अर्धशतक, मुकाबला ड्रा

**एंटिगा।** भारत और वेस्टइंडीज-ए क्रिकेट टीमों के बीच यहां के कूलिज क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया तीन दिवसीय अभ्यास मैच सोमवार को बेनतीजा समाप्त हो गया। भारत ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेतेश्वर पुजारा (100) रिटायर्ड हर्ट, और रोहित शर्मा (68) की बेहतरीन पारियों की मदद से अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 297 रनों पर घोषित कर दी थी। इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कैरेबियाई टीम को 181 रनों पर ढेर कर दिया था। भारत की ओर से इशांत शर्मा, उमेश यादव और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए थे।



दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने एक विकेट के नुकसान पर 54 रन बनाकर 200 रनों की बढ़त बना ली थी। तीसरे दिन सोमवार को भारत की ओर से अजिंक्य रहाणे ने 54 और हनुमा विहारी ने 64 रनों की पारी खेली।

भारतीय टीम ने 78 ओवर में पांच विकेट पर 188 रन बनाकर पारी घोषित कर दी थी। वेस्टइंडीज-ए की ओर से अकीम फ्रेजर ने दो विकेट लिए।

इसके बाद भारत ने दूसरी पारी में 47 रनों के कुल योग पर मेजबान टीम के तीन विकेट झटक लिए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा ने एक-एक विकेट लिया।

## आज का राशिफल

मेषः- आज का दिन मिश्रित फलकारक है। बड़े अधिकारी से अनबन नुकसान दायक रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण बनाए रखें। नए संबंध से भाग्य चमकेगा।

वृषभः- आप यदि व्यापारी हैं तो आज अनावश्यक अधिक परिश्रम करना पड़ सकता है। सरकारी नौकर हैं तो वरिष्ठ अधिकारी के गुस्से का शिकार हो सकते हैं।

मिथुनः- आज दिन के पूर्वार्ध में छुटपुट लाभ की संभावना है। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े कुछ मुद्दे हल हो जाएंगे। कोई भी व्यवसाय छोटा बड़ा नहीं होता।

कर्कः- आज आप अपने आप में ही मस्त रहेंगे। किसी भी विरोधी की आलोचना की ओर ध्यान न देकर अपना काम करते रहें। आगे चलकर सफलता आपके कदम चूमेगी।

सिंहः- आज शत्रुजनित षड्यंत्र, लोकपवाद से बचने का प्रयास करें। अनावश्यक दुः-श्चिन्ताओं से मन परेशान हो सकता है। नई उपलब्धियां कड़ी मेहनत से मिलेगी।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। विपरीत परिस्थिति उत्पन्न होने पर क्रोध पर काबू रखें। राजकीय मदद भी मिलेगी।

तुलाः- आज आपकी पद, अधिकार की महत्वाकांक्षा अंतर्विरोध को जन्म देगी। समस्याओं के समायोचित समाधान न मिलने से मानसिक अशांति रहेगी।

वृश्चिकः- आज का दिन कुछ विशेष कर दिखाने की उधेड़बुन में व्यतीत होगा। अधिकारीवर्ग से अच्छी साठ-गांठ बनेगी। किसी सरकारी संस्था से दूरगामी लाभ की पृष्ठभूमि भी आज ही बनेगी।

धनुः- किसी विशेष घटनाक्रम के अंतर्गत रुका हुआ धन आश्चर्यजनक रूप से प्राप्त हो जाएगा।इससे आज आपका विश्वास धर्म एवं आध्यात्म में बढ़ेगा।

मकरः- आज कार्यक्षेत्र में अपने से वरिष्ठ अधिकारियों से अनबन हो सकती है। जीवन में सरसता बनी रहेगी। पराक्रम वृद्धि से शत्रुओं का मनोबल टूटेगा।

कुंभः- आज गोचर के शुभ प्रभाव से सफलता मिलेगी। उत्तरार्ध की वृद्धि अस्थिरता को जन्म देगी। वाहन, भूमि खरीदने, स्थान परिवर्तन का सुखद संयोग भी बन सकता है।

मीनः- आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति नवम भाग्य भाव में वृश्चिक राशि का होकर तथा चन्द्रमा गुरु की राशि मीन पर विराजमान है।

## छुट्टी के दिन बनाएं रेडी टू ईट समोसा चाट



**छुट्टी के दिन बच्चों के लिए कुछ रेडीमेड नाश्ता बनाने की सोच रही हैं तो समोसा चाट की रेसिपी है बेस्ट।**

**सामग्री :**

समोसे- 4, दही- 4-5 बड़े चम्मच, मीठी चटनी- 3 बड़े चम्मच, आलू भुजिया, चाट मसाला।

**विधि :**

समोसे को तोड़कर प्लेट में डालें।

ऊपर से छोले, दही, मीठी चटनी, सोंठ पाउडर, आलू भुजिया डालें।

गरमा-गरम सर्व करे।


## शब्द सामर्थ्य- 61

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबास, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थित प्रसिद्ध जेल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | | | सि | स | की | | |
| जि | | ल | प | ट | | मा | चि | स |
| ब | द | ला | | क | | | ल | |
| | | ट | | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | | का | | की | | | हू |
| क | | स | रो | का | र | | | लु |
| झां | | ज | बा | न | | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | | भा | याँ | | न |
| | मं | | | ज | र | दा | | |

## सू-दोकू- 61

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[illegible] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.60 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |